नैसकॉम का डेटा तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिये उत्कृष्टता केंद्र

चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत की प्रमुख सॉफ्टवेयर लॉबी नेशनल एसोसिएशन ऑफ़ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज़ कंपनीज़ (National Association of Software and Services Companies –Nasscom) ने डेटा साइंस तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) के लिये उत्कृष्टता केंद्र (Center of Excellence -CoE)) खोला है।

अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिये नीति आयोग के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- NASSCOM ने नीति आयोग के साथ अनुसंधान को बढ़ावा देने, अभिग्रहण (Adoption) एवं नैतिकता, निजता एवं सुरक्षा में तेज़ी लाने से संबंधित समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किये।
- समझौता ज्ञापन तथा उत्कृष्टता केंद्र दोनों का उद्देश्य देश में AI (Artificial Intelligence) तंत्र को मजबूत करने के लिये हितधारकों के बीच खुफिया सूचना साझा करने और प्रौद्योगिकी सहयोग के लिये एक मंच के रूप में कार्य करना है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता संबंधी नीतियों को समर्थन

- NASSCOM, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिये देश की राष्ट्रीय नीति समर्थन करेगा तथा नीति आयोग व उत्कृष्टता केंद्रों के बीच सहयोग को सुगम बनाएगा।
- यह नीति आयोग को ज्ञान भागीदार (Knowledge Partner) के रूप में शामिल करेगा।

उत्कृष्टता केंद्र (CoE) पहल

- उत्कृष्टता केंद्र (CoE) पहल नवाचार पर एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम है जो स्मार्ट विनिर्माण, ऑटोमोटिव, हेल्थकेयर, कृषि, ऊर्जा, IoT(Internet of Things), बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं, खुदरा, दूरसंचार और उभरती प्रौद्योगिकियों में आने वाली समस्याओं के समाधान पर केंद्रित है।
- NASSCOM ने देश में डेटा विज्ञान और कृत्रिम खुफिया पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने और तेज़ करने के लिये Intel और IBM के साथ संस्थापक सदस्यों और प्रौद्योगिकी सलाहकारों के रूप में साझेदारी की है।

नैसकॉम (NASSCOM)

नैसकॉम (National Association of Software and Services Companies -NASSCOM) भारत के सूचना प्रौद्योगिकी तथा बीपीओ का एक व्यापारिक संघ है। इसकी स्थापना 1988 में हुई थी। यह एक लाभ-निरपेक्ष (non-profit) संस्था है।